आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–03 मार्च 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ विश्व के लिए आशा की किरण बना हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीव्र आर्थिक विकास विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने का आधार बन गया है।

आज जब भारत अपनी मजबूती इकोनॉमी से पूरे विश्व की उम्मीद बना हुआ है। ग्लोबल सप्लाई चौन रिशेप हो रही है। तब अर्थव्यवस्था की तेज प्रगति विकसित भारत का भी बहुत बड़ा आधार है। हमारी दिशा स्पष्ट है, हमारा संकल्प स्पष्ट है। बिल्ड मोर, प्रोड्यूस मोर, कनेक्ट मोर और एक्सपोर्ट मोर।

बजट उपरांत आयोजित वेबिनार 'आर्थिक विकास को सतत और सुदृढ़ बनाना' को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि विश्व विश्वसनीय और लचीले विनिर्माण साझेदारों की तलाश में है। उन्होंने कहा कि भारत के पास इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर है।

मैन्युफैक्चरिंग लॉजिस्टिक्स हमारे एम.एस.एम.ई. लघु उद्योग कुटीर उद्योग, इतना ही नहीं हमारे छोटे बड़े शहर के अर्थव्यवस्था के पिलर्स के तौर पर दिखने में तो अलग–अलग लगते हैं, लेकिन वे सभी इंटरकनेक्टेड है। जैसे मजबूत मैन्युफैक्चरिंग, नए अवसर तैयार करती है और इससे निर्यात में बढ़ोत्तरी होती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं और देश के लिए अपार अवसरों के द्वार खुल गए हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यूट्यूब पर तीन करोड़ सब्सक्राइबर का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है और वे इस प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले विश्व नेता बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी दो हजार सात में यूट्यूब से जुड़े थे। रैंकिंग के अनुसार वे इस श्रेणी में अन्य लोगों से काफी आगे हैं।

****

सरकार ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे उस वीडियो का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ईरान पर इस्राएल के हमले का समर्थन किया है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक ईकाइ ने बताया है कि यह दावा फर्जी है और वीडियो में डिजिटल छेड़छाड़ की गई है। इकाई ने यह भी कहा कि रक्षा मंत्री ने ऐसा कोई बयान जारी नहीं किया है। सरकार ने नागरिकों से ऐसे वीडियो से सावधान रहने का आग्रह किया है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब एक सौ पचास लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण के निर्देश दिए।

****

मथुरा समेत पूरे प्रदेश में कल होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मथुरा– वृंदावन में कल श्रीकृष्ण जन्मभूमि, द्वारिकाधीश मंदिर, बांकेबिहारी मंदिर, समेत कई प्रमुख मंदिरों में होली खेली जायेगी। इस बीच होली पर्व के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने पूरे प्रदेश में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं। सभी भीड़–भाड़ वाले इलाकों में खास सतर्कता बरती जा रही है। पर्व को देखते हुए प्रदेश के यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे की ओर से कई होली विशेष ट्रेनों का संचालन भी किया जा रहा है।

****

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय की दस सदस्यीय विशेष मीडिया टीम ने आज वाराणसी स्थित बनारस रेल इंजन कारखाना बरेका का दौरा किया। कर्नाटक से आए इस अंतरराज्यीय मीडिया दल के भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बरेका की लोकोमोटिव निर्माण प्रक्रिया, तकनीकी उत्कृष्टता, नवाचार, गुणवत्ता मानकों तथा वैश्विक निर्यात उपलब्धियों का प्रत्यक्ष अवलोकन करना था। मीडिया प्रतिनिधियों ने बरेका की उच्च उत्पादन दक्षता, तकनीकी नवाचार, सुव्यवस्थित कार्य संस्कृति एवं वैश्विक उपलब्धियों की सराहना करते हुए इसे भारतीय रेल के औद्योगिक विकास का एक प्रमुख स्तंभ बताया।

****

प्रदेश के हाथरस जिले में आज तड़के यमुना एक्सप्रेस–वे पर हुए एक सड़क हादसे में छः लोगों की मौत हो गई जबकि सात लोग घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि एक्सप्रेस–वे के माइलस्टोन एक सौ एकतालीस पर मंगलवार तड़के करीब चार बजे दिल्ली से गोरखपुर जा रही एक निजी डबल डेकर बस ने आगे चल रही इको वैन कार को टक्कर मार दी। कार सवार सभी लोग दिल्ली से राजस्थान के राजाखेड़ा धौलपुर जा रहे थे। हादसे में छः लोगों की मौत हुई है।

****

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में कल तक जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पांच मार्च तक तेज सतही हवा चलने की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद के तीन–चार दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोत्तरी का अनुमान है।

****